महत्वपूर्ण एवं खास

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

रायगढ़। राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन जिला-रायगढ़ अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में 10 से 16 फरवरी 2023 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत आईडीए एवं कृमि मुक्ति दिवस गतिविधियों के आयोजन हेतु सीएमएचओ रायगढ़ के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी. जी.कुलवेदी, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक प्रभूदत्त बस्तिया, डॉ.काकोली पटनायक, डॉ.फणीन्द्र भैना, डॉ.गौरी जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यशाला में डॉ.कुलवेदी द्वारा आईडीए दवा सेवन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस गतिविधियों के दौरान दवा सेवन कराने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दवा सेवन कराने की पद्धति के बारे में बताया गया। साथ ही दवा सेवन से होने वाले लाभ, फाईलेरिया तथा कृमि संक्रमण से बचाव तथा बीमारी से होने वाली जटिलताओं के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर शहरी कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा समीक्षा लेते हुए समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रगति के बारे में जानकारी ली गयी और इसके साथ ही आईडीए कार्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

अस्पताल में नौकरी लगाने का झांसा देकर डेढ़ लाख से अधिक की ठगी

रायपुर (आरएनएस)। मेकाहारा अस्पताल में नर्स की नौकरी दिलाने का झांसा देकर दो लोगों से 1 लाख 75 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार जागृति नगर खमतराई निवासी प्रार्थिया ममता साहू 32 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपिया सोभना दास ने प्रार्थिया व अन्य लोगों को मेकाहारा अस्पताल में नर्स की नौकरी लगाने का झांसा देकर 1 लाख 75 हजार रुपए ऐंठ लिया। जब काफी दिनों तक नौकरी नहीं लगवा पाया, तो प्रार्थिया अपना पैसा वापस मांगी। पैसे नहीं वापस करने पर प्रार्थिया ने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

छत्तीसगढ़ में बदलेगा मौसम का मिजाज, कुछ जिलों में बारिश का अलर्ट

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में एक बार मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला है। हवा की दिशा बदल गई है और इसके असर से दोपहर में हल्की गर्मी का अहसास होने लगा है। साथ ही रात में भी ठंड कम पड़ रही है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में अब दक्षिण से हवा आ रही है, इसके चलते ही न्यूनतम तापमानों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही उत्तर छत्तीसगढ़ यानि सरगुजा क्षेत्र के कुछ जिलों में हल्के बादल छाने के साथ ही हल्की वर्षा के आसार है। मौसम विभाग ने 30 और 31 जनवरी को बारिश की संभावना जताई है। वर्तमान में तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, बस्तर संभाग के कुछ हिस्सो में बारिश होने के आसार हैं, वहीं महासमुंद, रायगढ़, जशपुर में भी बारिश की संभावना है।

आठ थाना प्रभारियों का तबादला, दो हुए लाईन अटैच

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने बड़े पैमाने पर थाना प्रभारियों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें आजाद चौक और तेलीबांधा थाना प्रभारी को लाइन अटैच किया गया है। एसएसपी द्वारा जारी आदेश के मुताबिक बृजेश कुशवाहा गुढियारी से उरला, एलेक्जेंडर किरो कबीर नगर से गुढियारी, उमेंद्र टंडन कोतवाली से तेलीबांधा, लखनलाल पटेल पुरानी बस्ती से कोतवाली, नितेश ठाकुर मोहदापारा से आजाद चौक, मुकेश सिंह पंडरी से पुरानी बस्ती, लालमन साव टिकरापारा से मोहदापारा और अमित कश्यप एसीसीयू से थाना कबीर नगर प्रभारी बनाए गए हैं। ज्ञात हो कि हाल ही में क्राइम मीटिंग लेकर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल करने के सख्त निर्देश दिए थे। बैठक में एसएसपी ने ये भी कहा था कि जिन थाना प्रभारियों के इलाके में असामाजिक तत्वों पर लगाम नहीं लगाया जाता है, वे सभी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। आजाद चौक और तेलीबांधा थाना प्रभारियों पर हुई कार्रवाई को भी इससे जोडक़र देखा जा रहा है।

दो मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले एक अपचारी बालक समेत पांच आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से दोनों वारदातों में चोरी गए लाखों के सोने-चांदी के जेवरातों की हुई बरामदगी
- जूटमिल पुलिस की कार्रवाई

रायगढ़। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा तथा सीएसपी रायगढ़ अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर सायबर सेल/थाना प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल के नेतृत्व में जूटमिल पुलिस द्वारा क्षेत्र के दो मकानों में सोने चांदी के जेवरातों की चोरी करने वाले चार आरोपी युवक तथा एक विधि के साथ संघर्षरत बालक को हिरासत में लिया गया है। दोनों मामलों में चोरी की लगभग पूरी मशरूका पुलिस आरोपियों से बरामद की है। नकबजनी के दोनों अपराधों में आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक 27 जनवरी को थाना जूटमिल में कबीरचौक झोपड़ीपारा में रहने वाले राजेश कुमार गोड़ तथा मिट्ठूमुड़ा दुर्गा चौक में रहने वाले भागीरथी यादव द्वारा उनके मकान में 25-26 जनवरी की दरमियानी रात अज्ञात चोर द्वारा मकान से सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रुपयों की चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना जूटमिल में अपराध क्रमांक 09 एवं 14/2023 धारा 457,380 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एक ही दिन दो घरों में हुई चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा मुखबिरों को सक्रिय कर अपने स्टाफ को संदिग्धों की पतासाजी धरपकड़, पूछताछ के लिये लगाया गया। एसआई कमल पटेल के नेतृत्व में स्टाफ द्वारा माल मुलजिम की पतासाजी के दौरान क्षेत्र के संदिग्ध युवक विशाल उर्फ लादेन निवासी मिट्ठूमुड़ा को मुखबीर सूचना पर हिरासत में लिया गया। संदेही विशाल उर्फ लादेन पूर्व में भी संपत्ति संबंधी अपराधों में चालान हुआ है जिसे उक्त दोनों चोरियों के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी विशाल उर्फ लादेन बताया कि उसने मिट्ठूमुड़ा दुर्गा चौक में (प्रार्थी-भागीरथी यादव) के घर अपने साथी सोनू चौहान, मोहम्मद आरिफ, विकास चौहान और अपचारी बालक के साथ मिलकर रु.45,000 के सोने-चांदी के जेवरात जिसमें सोने का फदक, फुल्ली ,लॉकेट, मंगलसूत्र, चांदी का पायल है तथा आरोपी विशाल यह भी बताया कि उसने साथी सोनू चौहान और अपचारी बालक के साथ मिलकर कबीरचौक झोपड़ीपारा के एक मकान (राजेश कुमार गोड़) से करीब रु.42,500 का सोने चांदी का जेवरात जिसमें चांदी के पायल, बिछिया, चांदी का सिक्का इत्यादि था जिन्हें चोरी कर सभी साथी आपस में मिलकर में बांट लिए थे। आरोपी विशाल यादव के कबूलनामे पर उसके साथियों की धरपकड़ की गई। हिरासत में लिये गये आरोपियों के मेमोरेंडम पर दोनों प्रकरणों में क्रमश: रु.42000 एवं रु.40000 की चोरी गई सम्पत्ति (सोने-चांदी के जेवरात) की जब्ती की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को दोनों नकबजनी के अपराधों में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण में माल मुलजिम पतासाजी में थाना प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल के साथ सहायक उप निरीक्षक भागीरथी चौधरी, प्रधान आरक्षक मो. दिलदार कुरैशी, आरक्षक बनारसी सिदार, धनुर्जय चंद बेहरा और विनय तिवारी की प्रमुख भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी-

(1) विशाल उर्फ लादेन पिता बाबूलाल यादव उम्र 19 साल निवासी मिट्ठूमुड़ा थाना जूटमिल (2) सोनू चौहान पिता अजय चौहान उम्र 20 साल (3) मोहम्मद आरिफ पिता मोहम्मद आसिफ 24 साल (4) विकास चौहान पिता कुंज बिहारी चौहान 24 साल तीनों निवासी बजरंगपारा निगम कॉलोनी थाना जूटमिल (5) विधि के साथ संघर्षरत बालक।

आरोपियों से बरामद सम्पत्ति-

अपराध क्रमांक 09/2023 में - 2 जोड़ी पायल, 3 जोड़ी बिछिया, चांदी का सिक्का 147 नग एवं चिल्लर पैसा रु.116 कुल रु.42,000

अपराध क्रमांक 14/ 2023 में - बरामद सोने-चांदी के जेवरात तथा नगदी रकम कुल रु.40000

बीच बचाव करते अधेड़ व्यक्ति के सिर पर डंडे से चोट पहुंचाकर बेटी ने की हत्या

- लैलूंगा पुलिस ने मृतक की पत्नी व बेटी को हत्या और साक्ष्य छिपाने के जुर्म में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़। दिनांक 26.01.2023 को थाना लैलूंगा क्षेत्र के ओड़िसा सीमा से सटे सरहदी गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध मौत की सूचना थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम को मिली। तत्काल थाना प्रभारी लैलूंगा अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पहुंचे। जहां मृतक (45 साल) के छोटे भाई ने बताया कि उसकी भाभी (मृतक की पत्नी) उसे बताई कि उसके बड़े भाई की दिनांक 25.01.2023 के शाम अधिक शराब पीने से आंगन में गिरने से सिर में आयी चोट के कारण मौत हो गई है।

पुलिस अधिकारियों द्वारा शव एवं घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया जिसमें मामला संदिग्ध प्रतीत होकर शव के चोट के निशान किसी ठोस वस्तु से चोट पहुचाने का प्रतीत हो रहा था। थाना प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा मृतक के वारिसानों से हिकम्मत अमली से पूछताछ किये जाने पर मृतक की पत्नी बताई कि दिनांक 25/01/2023 के शाम करीब 06/00 बजे उसका पति (मृतक) उसके साथ लडाई झगड़ा मारपीट कर रहा था जिसे देख उसकी बेटी बीच बचाव करने आयी जिसे उसका पति मारने के लिए दौड़ाने लगा। तब उसकी बेटी घर का एक डण्डा उठाकर उसके पिता के सिर, कनपटटी पर मारी जो जमीन में गिरने से सिर कनपटटी में गंभीर चोंट लगने से मृत्यु हो गया।

उसकी बेटी से डंडा को लेकर छिपा दी और घरवालों को उसके पति की शराब पीकर आंगन में गिरने से मौत होने की मनगंढत बात बतायी। जांच अधिकारी द्वारा घटना में प्रयुक्त डंडा जप्त कर मर्ग जांच से आरोपी महिला और विधि के साथ संघर्षरत बालिका पर धारा 302, 201, 34 आईपीसी के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

डीजल चोरी कर बेचते पकड़े गए डंपर व पोकलेन ऑपरेटर

- तमनार पुलिस ने डीजल चोरी मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़। दोपहर थाना तमनार में बंसल एसोसिएट कंपनी के सुपरवाइजर राजेंद्र यादव थाना तमनार आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि हमारी कम्पनी की गाडी ग्राम कोसमपाली SECL माइंस में चल रही है। वाहनों से आए दिन डीजल की चोरी की शिकायतें है। कल दिनांक 27.01.2023 को रात्रि लगभग 10 बजे पोकलेन आपरेटर उपेन्द्र यादव एवं डम्फर ड्रायवर रविन्द्र यादव के द्वारा वाहन से डीजल चोरी कर ग्राम टिहलीरामपुर के मनोज भगत एवं मक्कर भगत को बेचते हुए रंगे हाथ पकड़े। चोरी की रिपोर्ट थाना तमनार में किये जाने पर डीजल चोर एवं खरीददार पर धारा 379,34,411 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी.पी. बंजारे एवं हमराह स्टाफ द्वारा आरोपियों से डीजल लगभग 50 लीटर है, कीमती लगभग 5000 रूपये का बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। माल मुल्जिम पतासाजी कार्रवाई में थाना प्रभारी तमनार उप निरीक्षक जी. पी. बंजारे, प्रधान आरक्षक अनूप कुजूर, परसमणि बेहरा और आरक्षक भूपेश राठिया की प्रमुख भूमिका रही है।

गिरफ्तार आरोपी-

(1) उपेंद्र यादव पिता सुधन यादव 23 साल निवासी घरटिया थाना विश्रामपुर जिला पलामू झारखंड हाल मुकाम डोंगामौहा थाना तमनार जिला रायगढ़

(2) रविंद्र यादव पिता तुलसी यादव उम्र 23 साल निवासी बागमरा थाना छतरपुर जिला पलामू झारखंड हाल मुकाम झिंकाबहाल थाना तमनार जिला रायगढ़

(3) मनोज तिर्की पिता श्याम तिर्की 23 साल उम्र निवासी ग्राम टिहलीरामपुर थाना तमनार

(4) मक्कर भगत पिता समारू भगत 21 साल टिहलीरामपुर थाना तमनार जिला रायगढ़

चार किलो गांजा के साथ महिला गिरफ्तार, घर पर अवैध गांजा बिक्री की सूचना पर लैलूंगा पुलिस की रेड कार्यवाही

रायगढ़। दिनांक 27/01/2023 को मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम के हमराह लैलूंगा स्टॉफ द्वारा ग्राम केकराझरिया में गांजा रेड कार्यवाही कर ललिता नंदग्वाल के कब्जे में रखा 4 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती रु.48,000 का जप्त किया गया है। लैलूंगा थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि महिला अपने घर में गांजा रखकर अवैध रूप से गांजे की बिक्री करती है। मुखबिर सूचना में नशीले पदार्थ गांजा के अफरा-तफरी होने के संदेह पर थाना प्रभारी ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित कर अपने स्टाफ के साथ ग्राम केकराझरिया जाकर कार्यवाही किया गया। हिरासत में ली गई आरोपिया ललिता नंदग्वाल पति भजो राम नंदग्वाल उम्र 43 साल सा0 केकराझरिया थाना लैलूंगा, को थाना प्रभारी ने महिला स्टाफ और गवाहों के समक्ष अवैध रूप से गांजा रखकर बिक्री करने के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपिया ने गांजा रखना कबूल की और अपने मकान में एक काले रंग के बैग अंदर से 1-1 किलो के चार खाकी रंग का पेपर लपटा 4 किलो गांजा रु.48,000 का पेश की जिसे विधिवत गवाहों के समक्ष जप्त किया गया है। एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर गांजा रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक जय शरण चंद्रा, आरक्षक जॉन प्रकाश टोप्पो, हेलोरियुश तिर्की, लव किशोर साय, महिला आरक्षक लीलावती एक्का शामिल थे।

11.5 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, आबकारी एक्ट के तहत भेजे गए रिमांड पर

- मकान पर अवैध शराब बनाने की सूचना पर पूंजीपथरा पुलिस ने की शराब रेड कार्यवाही

रायगढ़। दिनांक 27.01.2023 को थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम गेरवानी के दो लड़के, लोहरापारा गेरवानी एक मकान में मिलकर बिक्री के लिए महुआ शराब बना रहे हैं। सूचना की तस्दीकी के थाना प्रभारी ने पेट्रोलिंग के साथ स्टाफ भेजे। पुलिस द्वारा सुनियोजित तरीके से गांववालों और मुखबिर से पुख्ता जानकारी लेकर मकान की घेराबंदी कर दो युवकों को अभी राम अगरिया का मकान ग्राम गेरवानी लोहरापारा में पकड़े। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम (1) संजय अगरिया पिता समारू अगरिया उम्र 19 वर्ष निवासी चमार पारा घरघोडा हा0मु0 गेरवानी लोहरापारा (2) राजू कुमार अगरिया पिता सकल साय अगरिया उम्र 19 वर्ष निवासी पहाड लुडेग थाना लैलूंगा हा0मु0 छोटे अगरिया का किराये का मकान ग्राम गेरवानी का अभी राम अगरिया का मकान लोहरापारा गेरवानी, बताये। दोनों लड़कों के कब्जे से 5-5 लीटर जरकिन एवं 1-1 लीटर प्लास्टिक बॉटल में कुल 11.5 लीटर महुआ शराब कीमती 1150 रूपये जप्त किया गया है। आरोपीयों के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक जितेन्द्र एसैया के निर्देशन पर साथ शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक राम प्रसाद यादव, आरक्षक नरेश रजक और विद्याधर सिदार शामिल थे।

आयुष विभाग द्वारा पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित

सारंगढ़-बिलाईगढ़। छत्तीसगढ़ शासन आयुष विभाग के आदेशानुसार एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के मार्गदर्शन में आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर भेड़वन, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के अंतर्गत पांच चिन्हांकित गांवों में पांच-पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण शिविर 19 जनवरी से 12 फरवरी 2023 तक पाँच-पाँच दिवस का क्रमश : ग्राम-मधुबन, तिलाईमुड़ा, लालदेवरी, भोथली और खुडुभांठा में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रथम पांच दिवस ग्राम मधुबन में योग प्रशिक्षण शिविर 19 जनवरी से 23 जनवरी तक योग प्रशिक्षक मनोज कुमार पटेल द्वारा योगाभ्यास कराकर संपन्न हुआ। जिसमें कुल 337 हितग्राही लाभान्वित हुए। प्रत्येक चिन्हांकित ग्रामों में योग प्रशिक्षण शिविर हेतु प्रचार-प्रसार के लिए पांपलेट वितरण एवं दो-तीन दिन ग्राम कोटवार के माध्यम से मुनादी भी कराई गई है। उक्त ग्राम के सरपंच एवं पंच, आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में जाकर योग शिविर का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। ग्राम पिलाई मोड़ा में 24 से 28 जनवरी तक योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

स्कूली बच्चों के लिए आयोजित की कम्प्यूटर-कोडिंग कार्यशाला

- विषय-विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को दी कम्प्यूटर के प्रमुख विषयों की जानकारी

रायगढ़। सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में शहरी क्षेत्र के हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के लगभग 200 विद्यार्थियों के लिए समग्र शिक्षा विभाग द्वारा 'कोडिंग कार्यशाला' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यशाला के उद्देश्य एवं विषय वस्तु की संक्षिप्त जानकारी देते हुए संचालक प्राचार्य राजेश डेनियल ने सभी विषय विशेषज्ञों का स्वागत किया। जिनमें राकेश पटेल विभागाध्यक्ष सूचना प्रौद्योगिकी विभाग केआईटी, जिला पंचायत के वरिष्ठ प्रोग्रामर अभिषेक डांडेकर, उत्तमा सूर्यवंशी सहा. प्राध्यापक के आईटी, हृदयानंद रात्रे सहायक प्रोग्रामर जनपद पंचायत बरमकेला, दयासागर साहू सहायक प्रोग्रामर जनपद पंचायत धरमजयगढ़ द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को कोडिंग, सॉफ्टवेयर निर्माण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क, सी तथा सी प्लस- प्लस लेंग्वेजेस, एचटीएमएल तथा वेब डेवलपमेंट जैसे कम्प्यूटर के प्रमुख विषयों की जानकारी विद्यार्थियों की दी।

सभी विशेषज्ञों द्वारा दैनिक जीवनचर्या के विविध आयामों से विषय-वस्तु को जोड़कर सभी जटिल बिंदुओं को सरलता पूर्वक समझाया, जिससे विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला, समग्र शिक्षा से डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, एपीसी आलोक स्वर्णकार, भुनेश्वर पटेल, भूपेन्द्र पटेल, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जाटवर, साक्षरता विभाग से डी.के.वर्मा, सीएससी के जिला प्रबंधक रवि सिंह तथा सभी विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480